GST NO. 07AAACE1747M1ZJ
CIN U20299DL1986 NPL023253

EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE, POCKET 6 & 7, SECTOR 'C', LOCAL SHOPPING CENTRE, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070

**Tel:** 91-11-26135256
**Fax:** 91-11-26135518,26135519
**Email:** press@epch.com
**web:** www.epch.in




# EPCH PRESS RELEASE

### 51st IHGF –DELHI FAIR-2021 OPENS VIRTUALLY

### HON'BLE PRIME MINISTER OF INDIA WISHES A SUCCESS AND PRAISES HANDICRAFTS SECTOR

**NEW DELHI – 19th May'2021** - The 51st edition of virtual IHGF of Delhi fair 2021 was inaugurated today with message from Shri Narendra Modi, Hon'ble Prime Minister of India, who conveyed his best wishes for the success of 51st edition of IHGF Delhi Fair. In his message he appreciated the richness and diversity of our handicrafts which has been a unique feature of our nation's culture and heritage. Generations of artisans and craftsmen from different regions have enhanced the appeal, adding colour and vibrancy to the products. He further mentioned that the fast changing times, powered by digital technology have helped the handicrafts sector to further enhance its resilience. The up scaling of durable, user friendly products will help the sector expand and deepens its outreach, informed Dr. Rakesh Kumar, Director General EPCH

While inaugurating the fair Shri Ravi K. Passi, Chairman-EPCH welcomed everyone to the virtual platform in order for over 700 exhibitors of home, lifestyle fashion, furniture and textile products to transact business with a large number of overseas buyers, domestic volume buyers and buying representatives. He mentioned that with an extensive publicity campaign undertaken by EPCH a large number of overseas buyers, wholesalers and retailers have already registered to visit the show.

Shri U.P. Singh Secretary (Textiles), Govt. of India and Shri Shantmanu, Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles, Govt. of India also extended their wishes on the organization of 51st edition of IHGF-Delhi fair virtually amidst Corona crisis reflecting the indomitable spirit of the handicraft exporting fraternity to continue furthering the efforts to strengthen the Handicrafts Sector.

Shri U.P. Singh, Secretary (Textiles) welcomed all the overseas buyers and exhibitors to have a very successful show and appreciated EPCH for holding the several virtual editions of IHGF during the current pandemic since June'2020. He further said that this edition of the virtual fair will help in giving a much needed push to the exports of handicrafts and generating additional employment in this cottage sector of Indian economy.

Shri Shantmanu, Development Commissioner (Handicrafts), in his address welcomed all the buyers and exhibitors including artisans from North Eastern States and Jammu & Kashmir and urged them to take benefit of the souring opportunity provided by this virtual platform.

Dr. Kumar, Director General – EPCH, informed that webinar on topics such as "Quick Ways to Optimise Forex Operations in Turbulent Times"; Webinar on "Seven easy ways to Grow your Exports" will be organized to provide in depth knowledge to the participants so that they can keep themselves abreast with the international trade requirements. Further, craft demonstrations by Artisans on blue pottery, Warli painting, screw pine craft, Kani shawls, Meenakari, artistic Textiles will also form part of the activities that are scheduled during the fair.



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

The overseas buyers from over 85 countries from across the globe have registered to visit the show with buyers like WHSmith -Hong Kong, Namaste Ltd, United Kingdom, Exotik Mobilier, Canada, ELK Home, United States, Ricki Designs Inc. - USA, Mc-Sell-UG (hb) - Germany, EN Casa - Brazil, Evergreen Enterprises - USA, Global Alliance Trading L.L.C. - United Arab Emirates, Dormar Indents - Australia, Bon Eto. - Japan, Glads Inc. - Japan, Present Company - United Kingdom, Bed Bath n Table - Australia, Alqueria S.L. - Spain, MCA furniture GmbH - Germany, Puckator Ltd. - United Kingdom, Pacific Collections - South Africa, Araucaria - United Kingdom, Salvage Imports – Australia, Beachsand - South Africa, You're Furnished Ltd. - United Kingdom, Nitori – Japan, inart.com – Greece, Hoff Interieur – Germany, Trend4you AB – Sweden, Insectario home and gifts – Chile and many more have confirmed their virtual visit to IHGF, added Dr. Kumar.

Shri R K Verma, Executive Director, EPCH, informed that apart from the overseas buyers, major Indian Retail/online brands have also shown great interest and registered themselves to source their requirement from this virtual platform. Those who have registered so far are HomeTown, Pepperfry, @Home, Nilkamal Pvt Ltd., Ferns N Petals, DLF Brands Pvt. Ltd., Fabindia Overseas Pvt Ltd., ARCHIES, Westside, Furniturewala, Praxis Home Retail Ltd., Bombay Store Ltd., Shoppers Stop, Onestop Retail Pvt Ltd., Godrej & Boyce Mfg. Co. Ltd., and others.

The estimated figures for exports of handicrafts for the period April-March of the current financial year 2020-21 which stands at Rs. 25558.94 crores (USD 3443.45 million) registering a growth of 1.14 % (Rupee terms) and decline (-)3.39 % (dollar terms) over the same period last year.

---

**For more information, please contact:**
Dr. Rakesh Kumar, Director General - EPCH - +91-9818272171



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

# ईपीसीएच प्रेस विज्ञप्ति

## 51वां आईएचजीएफ- दिल्ली मेला 2021 वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर शुरू

## भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने हस्तशिल्प सेक्टर की प्रशंसा करते हुए इस मेले की सफलता की कामना की

**नई दिल्ली- 19 मई 2021 -** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से 51वें आईएचजीएफ मेले की सफलता के संदेश के साथ 51वां आईएचजीएफ दिल्ली वर्चुअल मेला 2021 आज शुरू हुआ. अपने संदेश में उन्होंने हमारे हस्तशिल्प की समृद्धि और सफलता की प्रशंसा की जो हमारे देश की संस्कृति और विरासत की एक अनूठी विशेषता रही है. उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों की पीढ़ियों ने हस्तशिल्प उत्पादों में रंग और चमक जोड़ते हुए इनके आकर्षण को बढ़ाया है. उन्होंने आगे उल्लेख किया कि डिजिटल प्रौद्योगिकी से प्रेरित तेजी से बदलते हुए समय ने हस्तशिल्प क्षेत्र को अपना लचीलापन बढ़ाने में मदद की है. ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि टिकाऊ और ग्राहकों के अनुरूप उत्पादों के निर्माण से इस क्षेत्र को विस्तार और अपनी पहुंच को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी.

मेले का उद्घाटन करते हुए ईपीसीएच अध्यक्ष श्री रवि के पासी ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर होम, लाइफस्टाइल फैशन, फर्नीचर एवं टेक्सटाइल उत्पादों के 700 से अधिक प्रदर्शकों का बड़ी संख्या में विदेशी खरीदारों, घरेलू खरीदारों और खरीद प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस करने के लिए स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि ईपीसीएच की ओर से चलाए गए व्यापक प्रचार अभियान की वजह से बड़ी संख्या में विदेशी खरीदारों, थोक व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं ने इस मेले में आने के लिए पहले से ही अपना पंजीकरण करवा लिया है.

भारत सरकार के कपड़ा सचिव श्री यू.पी. सिंह और भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय में हस्तशिल्प विकास आयुक्त श्री शांतमनु ने भी कोरोना महामारी संकट के दौरान हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने के प्रयासों को जारी रखने की हस्तशिल्प निर्यात बिरादरी की अदम्य भावना को दर्शाते हुए इस आईएचजीएफ- दिल्ली मेले के 51वें संस्करण के वर्चुअल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं दीं.

कपड़ा सचिव श्री यू.पी. सिंह ने एक बहुत ही सफल मेले के लिए सभी विदेशी खरीदारों और प्रदर्शकों का स्वागत किया और वर्तमान कोरोना महामारी के दौरान जून 2020 से ही आईएचजीएफ के कई वर्चुअल संस्करणों को आयोजित करने के लिए ईपीसीएच की सराहना की. उन्होंने यह भी कहा कि वर्चुअल मेले का यह संस्करण भारतीय अर्थव्यवस्था के इस कुटीर क्षेत्र में हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार पैदा करने में भी मदद करेगा.

हस्तशिल्प विकास आयुक्त श्री शांतमनु ने अपने संबोधन के दौरान सभी खरीदारों और प्रदर्शकों के साथ पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के शिल्पकारों का स्वागत करने के साथ इस वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर मिल रहे सोर्सिंग अवसर का लाभ उठाने की अपील की.



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.

ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि वर्चुअल मेले के दौरान प्रतिभागियों को गहन जानकारी देने के लिए "अशांत समय में विदेशी मुद्रा संचालन के त्वरित अनुकूल तरीके" और "आपके निर्यात को बढ़ाने के सात सबसे आसान तरीके" जैसे विषयों पर वेबिनार आयोजित किए जाएंगे ताकि वो खुद को अंतरराष्ट्रीय व्यापार आवश्यकताओं के समान उन्नत बना सकें. इसके अलावा ब्लू पॉटरी, वर्ली पेटिंग्स, स्क्रू पाइन शिल्प, कानी शॉल, मीनाकारी, कलात्मक वस्त्र पर कारीगरों के शिल्प प्रदर्शन भी इस वर्चुअल मेले की गतिविधियों का हिस्सा बनेंगे जिन्हें मेले के दौरान आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है.

श्री कुमार ने बताया कि दुनिया भर के 85 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों ने इस मेले में आने के लिए पंजीकरण करवाया है, इनमें डब्ल्यूएचस्मिथ- हॉन्गकॉन्ग, नमस्ते लिमिटेड- यूनाइटेड किंगडम, एक्सोटिक मोबिलियर- कनाडा, इएलके होम- यूनाइटेड स्टेट्स, रिकी डिजाइन इंक- यूएसए, मैक-सेल-यूजी (एचबी)- जर्मनी, इएन कासा- ब्राजील, एवरग्रीन इंटरप्राइजेस- यूएसए, ग्लोबल अलायंस ट्रेडिंग एल.एल.सी.- संयुक्त अरब अमीरात, डॉर्मर इंडेंट्स- ऑस्ट्रेलिया, बॉन एटो.- जापान, ग्लैड इंक.- जापान, प्रेजेंट कंपनी- यूनाइटेड किंग्डम, बेड बाथ एंड टेबल- ऑस्ट्रेलिया, अल्केरिया एस.एल.- स्पेन, एमसीए फर्नीचर जीएमबीएच- जर्मनी, पकेटर लिमिटेड- यूनाइटेड किंग्डम, पैसिफिक कलेक्शंस- दक्षिण अफ्रीका, अरोकेरिया- यूनाइटेड किंग्डम, सैलवेज इम्पोर्ट्स- ऑस्ट्रेलिया, बीचसैंड- दक्षिण अफ्रीका, योर्स फर्निश्ड लिमिटेड- यूनाइटेड किंग्डम, निटोरी- जापान, inart.com- ग्रीस, हॉफ इंटीरियर- जर्मनी, ट्रेंड4यू एबी- स्वीडन, इंसेक्टारियो होम ऐंड गिफ्ट्स- चिली समेत कई अन्य ने आईएचजीएफ वर्चुअल मेले में शामिल होने की पुष्टि की है.

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने सूचित किया कि विदेशी खरीदारों के अलावा प्रमुख भारतीय रिटेल/ऑनलाइन ब्रांडों ने भी इस वर्चुअल प्लेटफॉर्म से अपनी आवश्यकताओं को सोर्स करने के लिए खुद को पंजीकृत करवाया है. अब तक अपना पंजीकरण कराए ब्रांडों में होम टाउन, पेपरफ्राई, @होम, नीलकमल प्राइवेट लिमिटेड, फर्न्स ऐंड पेटल्स, डीएलएफ ब्रांड्स प्राइवेट लिमिटेड, फैब इंडिया ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड, आर्चिज, वेस्टसाइड, फर्नीचरवाला, प्रैक्सिस होम रिटेल लिमिटेड, बॉम्बे स्टोर लिमिटेड, शॉपर्स स्टॉप, वनस्टॉप रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज ऐंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और अन्य शामिल हैं.

चालू वित्त वर्ष 2020-21 की अप्रैल-मार्च अवधि के लिए हस्तशिल्प के निर्यात का अनुमानित आंकड़ा 25558.94 करोड़ रुपये (3443.45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है. इसमें बीते वर्ष की इसी अवधि की तुलना में रुपये के संदर्भ में 1.14% वृद्धि और डॉलर के संदर्भ में (-)3.39% की गिरावट दर्ज है

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
डॉ. राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच - +91-9818272171



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.




**GLIMPSES OF IHGF DELHI FAIR, 19-23 MAY'2021 ON VIRTUAL PLATFORM**




**GLIMPSES OF HANDICRAFTS PRODUCTS ON DISPLAY DURING IHGF DELHI FAIR, 19-23 MAY'2021 ON VIRTUAL PLATFORM**

Follow us on #epchindia

Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.




**CRAFT LIVE DEMONSTRATION DURING IHGF DELHI FAIR, 19-23 MAY'2021 ON VIRTUAL PLATFORM**



Copyright 2021 - Export Promotion Council for Handicrafts. All Rights Reserved.